# बीएचईएल ने संचार सप्ताह का आयोजन किया




नई दिल्ली, 18 अप्रैल: आज डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - बीएचईएल ने कंपनी के कार्यकारी निदेशकों की उपस्थिति में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) संचार सप्ताह - 'अभिव्यक्ति' का उद्घाटन किया। बेहतर कर्मचारी सहभागिता के लिए सुलभ संचार के उद्देश्य से यह कार्यक्रम देश भर में बीएचईएल की सभी इकाइयों में आयोजित किया जा रहा है।

डॉ सिंघल ने देश भर के सभी कर्मचारी वर्गों को संबोधित करते हुए, कर्मचारियों के बीच विश्वास, आत्मविश्वास एवं प्रतिबद्धता विकसित करने में समयबद्ध, तथ्यपरक और त्रुटिहीन संचार की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि "हमें इस संचार सप्ताह से परे, निरंतर पूरे संगठन में प्रभावी और सत्यापित संचार सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। यह हमारी भूमिकाओं एवं उद्देश्यों के बारे में पूर्ण स्पष्टता सुनिश्चित करेगा और टीम वर्क को बढ़ावा देगा"।

इस संचार सप्ताह में कंपनी भर में प्रतिस्पर्धाओं, प्रतियोगिताओं और ज्ञानार्जन सत्रों के अलावा प्रबंधन, कार्यक्षेत्र प्रमुखों, संचार विशेषज्ञों और विषय विशेषज्ञों के साथ कर्मचारियों की बातचीत और विचार विमर्श सत्रों का आयोजन होना है।